CMYK

# देशबन्धु संस्कारधानी

5 बिलासपुर

गुरुवार,5 जून 2025

उल्टा पुल्टा

राजू पहाड़ों पर पैराशूट बेच रहा था

ग्राहक- अगर पैराशूट नहीं खुला तो?

राजू- तो आपके पूरे पैसे वापिस ।

## संपादकीय

### कोरोना की रायपुर में दस्तक चिंताजनक

*देश के कुछ हिस्सों के साथ छत्तीसगढ़ के भी कुछ इलाकों में कोरोना से प्रभावित लोगों का मिलना चिंताजनक है। राजधानी में इसके कुल 1 एक्टिव मामले प्राप्त हुए हैं जिनमें मंगलवार को तीन नये मिले। एक निजी अस्पताल में है जबकि 9 होम क्वारंटाइन हैं। छग के स्वास्थ्य विभाग ने इस बाबत एडवाइज़री जारी कर कहा है कि ऐसे मामले तत्काल रिपोर्ट किये जायें और सभी तरह के ऐहतियात बरते जायें। स्वास्थ्य विभाग ने नये मामलों के मिलने के साथ अस्पतालों को एलर्ट जारी किया है कि इन्फ्लुएंजा की तरह दिखने वाले रोगों और श्वांस सम्बन्धी गम्भीर मामलों के मिलने पर इंटीग्रेटेड हेल्थ इन्फर्मेशन सेंटर को सूचित किया जाये। जो दवाएं ऐसे मरीजों पर प्रभावकारी हों, उनकी भी जानकारी विभाग को दी जाये।*

*रायपुर में मामले मिलना इसलिये विशेष रूप से चिंताजनक है क्योंकि शहर राज्य का केन्द्र होने के कारण विभिन्न जगहों से यहां की आवाजाही काफी है। इसके कारण संक्रमण फैलने का खतरा कहीं अधिक होता है। याद हो कि मार्च, 2019 से लेकर लगभग दो वर्षों के भीतर कोविड-19 की तीन लहरों में देश में लाखों लोग मारे गये थे। छग में भी 14 हजार से ज्यादा की मृत्यु हुई थी और लाखों इसकी चपेट में आये थे। राज्य का कोई भी शहर, कस्बा या गांव इसके प्रकोप से नहीं बचा था। उस दौरान जनता ने जो सावधानियां बरती थीं तथा शासन-प्रशासन ने जो कुछ किया था, उन्हें दोहराना होगा।*

*हालांकि राज्य के सबसे प्रमुख अस्पताल मेकाहारा में कुछ अरसा पहले से ही कोरोना के संदिग्धों हेतु अलग ओपीडी प्रारम्भ की जा चुकी है जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सक सेवाएं दे रहे हैं। सरकार एवं जिला स्वास्थ्य अमले से उम्मीद है कि वक्त रहते कोरोना पर नियंत्रण के सभी उपाय प्रदेश भर में कर रखे जो कोरोना पर नियंत्रण के लिये आवश्यक हैं।*

*जनसाधारण भी पर्याप्त सावधानी बरते। हाथों को बार-बार धोना, आंखों, नाक व मुंह को छूने से टालना, भीड़-भाड़ से दूरी रखी जाये एवं मास्क का उपयोग हो। सेनेटाइज़र का उपयोग करना चाहिये। सार्वजनिक स्थानों (बाजार, मॉल, सिनेमा हॉल,बस, ट्रेन आदि) में जहां भीड़-भाड़ हो, सुरक्षित दूरी बनाई जाये। वे सारे निर्देश जो पूर्ववर्ती कोरोना काल में दिये गये थे, उनका फिर से पालन किया जाए। सिरदर्द, खांसी-सर्दी, बुखार, शरीर में दर्द जैसे लक्षण दिखने पर अस्पतालों-चिकित्सकों से तत्काल सम्पर्क किया जाये। रायपुर के बाद प्रदेश के बड़े शहरों के मुख्य अस्पतालों में सरकार द्वारा तैयारियां तो हो ही चुकी हैं, लेकिन नागरिकों को चाहिये कि वे सभी सुरक्षा उपाय अपनाएं तथा सरकार को पूरी तरह से सहयोग करें। लोगों को न दहशत में आना है और न ही लापरवाही बरतनी है। राज्य भर से रायपुर आने वाले या यहां से अन्यत्र जाने वाले लोगों को सावधानी बरतनी होगी ताकि संक्रमण न फैले।*

# शनिचरी बाजार के दुकानों में भीषण आग, 22 दुकानें जलकर खाक





**बिलासपुर**, 4 जून (देशबन्धु)। शहर के बीच शनिचरी बाजार में बुधवार तड़के 3 बजे भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से करीब दो दर्जन दुकानें जलकर पूरी तरह से खाक हो गई है। सुबह तड़के आग लगने के कारण कोई जनहानि नहीं हुई है। लेकिन लाखों का सामान जलकर खाक हो गया है।

बुधवार तड़के शनिचरी की दुकानों में आग लगने से शहर में हड़कंप मच गया। आग एक दुकान में लगी जो काफी तेजी से दूसरे दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते दो दर्जन से अधिक दुकानें धू धूकर जलने लगी। जिन दुकानों में आग लगी है वह कॉस्मेटिक, जूता-चप्पल, किराना, कपड़ा और आर्टिफिशियल ज्वेलरी की दुकान थी। घटना की सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची। करीब 3-4 घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक दुकानों में रखे समान जलकर राख बन चुके थे। आग की खबर मिलते व्यापारी भी मौके पर पहुंच गए थे।

आग से 50-60 लाख के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। शनिचरी बाजार की तंग गलियों में मशक्कत करनी पड़ी। जिन दुकानों में आग लगी थी वहां तक दमकल की गाड़ी नहीं पहुंच पाई। यही वजह है कि जब तक आग को काबू में किया गया, तब तक दुकानों में रखे सामान जलकर खाक हो चुके थे।

## सार-संक्षेप





मोर गांव मोर पानी अभियान

### ग्रामीणों ने पानी की हर बूंद सहेजने और हरित क्रांति लाने लिया संकल्प

**बिलासपुर**, 4 जून (देशबन्धु)। जिला प्रशासन द्वारा मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत लोगों को जल संरक्षण के लिए लगातार जागरूक किया जा रहा है। इस जागरूकता कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, ग्रामीण सभी अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। इसी कड़ी में सभी ब्लॉक में पशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। सभी ब्लॉक में इस संबंध में पशिक्षण आयोजित किया गया। मस्तूरी ब्लॉक के क्लस्टर चिल्हाटी में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने एकजुट होकर पानी की हर बूंद सहेजने और हरित क्रांति लाने दृढ़ संकल्प इस दफा कर लिया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 32 गांवों के कुल 135 सदस्य शामिल हुए। जनपद सभापति श्रीमती सरिता नायक, चिल्हाटी सरपंच श्रीमती मधु पैकरा, सोन सरपंच श्रीमती तारा बाई के अलावा तहसीलदार प्रकाश साहू, कार्यक्रम अधिकारी रूचि विश्वकर्मा सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। प्रशिक्षण में ग्रामीणों ने भी भाग लिया इसमें जल संचयन और प्रबंधन के सम्बन्ध में जागरूकता, समुदायों को जल संसाधनों के संरक्षण में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर संतोष देवांगन, बाल्मिकी धीवर, अखिलेश सिंह, प्रवीण वस्त्रकार इस सभी ने मोर गांव मोर पानी महाअभियान, भू जल संरक्षण अभियान, पानी की एक एक बूंद बचाओ कल को सुरक्षित करो, जल बचाओ पेड़ लगाओ जीवन और कल बचाओ इन सभी विषयों की विस्तृत से जानकारी दी।

### प्रतिबंधित कफ सिरप बेचने का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर**, 4 जून (देशबन्धु)। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी अथर्व सौम्य सिंह एवं एक नाबालिक के कब्जे से प्रतिबंधित कफ सिरप 55 नग बरामद कर एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत् कार्रवाइआज्डसाफ करते हुये आरोपी अथर्व सौम्य सिंह को नाबालिक के साथ न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है, प्रकरण में ईण्ड टू ईण्ड विवेचना करते हुये मुख्य आरोपी भांचा उर्फ तानु महंत के द्वारा झारखण्ड देवघर से राज मेडिकल संचालक से सम्पर्क कर गिरफ्तार आरोपी अथर्व सौम्य सिंह एवं नाबालिक के माध्यम से प्रतिबंधित कफ सिरप मंगवाना पाये जाने पर प्रतिबंधित कफ सिरप उपलब्ध कराने वाले मेडिकल संचालक के संबंध में तकनीकी साक्ष्य एकत्र किया जाकर आरोपी रितुराज सिंह को देवघर झारखण्ड से गिरफ्तार किया गया है, प्रकरण में मुख्य आरोपी तानु उर्फ भांच मेश्राम फरार था जिसके संबंध में पतासाजी की जा रही थी किआरोपी के अपने घर नूतन चौक सरकण्डा में आने की सूचना मिली।, थाना प्रभारी सरकंडा निरीक्षक निलेश पाण्डेय दिशा निर्देशन में उप निरी. अवधेश सिंह के हमराह टीम तैयार कर आरोपी टानू उर्फ तानु महंत उर्फ भांचा को उसके सकुनत पर घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जूर्म स्वीकार किया जिससे विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक प्रस्ताव आमंत्रित

**बिलासपुर**, 4 जून (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए 31 जुलाई तक ऑनलाईन नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक एवं पात्र युवा निर्धारित अवधि तक अधिकृत ऑनलाईन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल में आवेदन कर सकते हैं। भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार भारत सरकार द्वारा असाधारण प्रतिभा एवं उपलब्धियों वाले बच्चों को सम्मानित करने हेतु प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार छह श्रेणियों में दिया जाता है जो साहस, सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल एवं कला एवं संस्कृति विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी हैं। वे बच्चे जो इस साल 31 जुलाई 2025 को 18 वर्ष से कम आयु के हैं और उपरोक्त क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दे चुके हैं, वे इस पुरस्कार के लिए पात्र होंगे। नामांकन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के जरिए स्वीकार किए जाएंगे। जिला शिक्षा अधिकारी अनिल तिवारी ने सभी स्कूलों के प्राचार्यों को परिपत्र जारी कर इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं।

# फेस बुक में पीएम पर विवादित टिप्पणी, पूर्व विधायक अरुण तिवारी गिरफ्तार

**बिलासपुर**, 4 जून (देशबन्धु)। सोशल मीडिया पर पी एम नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित विवादित पोस्ट के मामले में पूर्व विधायक अरुण तिवारी को रतनपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी से पहले इस प्रकरण की प्राथमिक जांच सिविल लाइन थाना बिलासपुर द्वारा की गई थी, जहां तिवारी के विरुद्ध सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर शिकायत दर्ज की गई थी। अरुण तिवारी ने सफाई में कहा कि उसका फेसबुक एकाउंट किसी ने हैक कर लिया था ।



जानकारी के मुताबिक सीपत विधानसभा के पूर्व विधायक अरुण तिवारी ने अपने फेसबुक अकाउंट से एक पोस्ट साझा की, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर कटाक्ष भरे शब्दों का प्रयोग किया। इस पोस्ट को लेकर राजनीतिक और सामाजिक संगठनों ने विरोध दर्ज कराया और भाजपा के एक नेता ने सिविल लाइन थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई। श्री तिवारी के खिलाफ सिविल लाइन थाने में लिखित शिकायत दी गई।

सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत पर आईटी एक्ट और भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिक जांच प्रारंभ की। जांच में आरोप प्रथम दृष्टया सत्य प्रतीत होते ही बुधवार को दोपहर करीब 1.30 बजे, रतनपुर पुलिस ने श्री तिवारी के फार्महाउस (रतनपुर क्षेत्र) में दबिश दी और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें विधिवत रूप से सिविल लाइन थाना के सुपुर्द किया गया, जहाँ आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। रतनपुर थाना प्रभारी नरेश चौहान ने बताया कि सिविल लाइन थाना से प्राप्त निर्देशों के बाद गिरफ्तारी के लिए टीम भेजी गई। आरोपी को उनके रतनपुर स्थित फार्म हाउस से हिरासत में लिया गया और कानूनी प्रक्रिया पूरी कर सिविल लाइन थाने को सौंपा गया है।

# हमारे बुजुर्ग हमारी धरोहर थीम पर मनाया गया दाई बबा दिवस



### हेल्थ मेला में 5 हजार से ज्यादा बुजुर्गो की स्वास्थ्य जांच

### आयुष्मान वय वंदन कार्ड का वितरण, किया गया सम्मान

**बिलासपुर**, 4 जून (देशबन्धु)। हमारे बुजुर्ग हमारी धरोहर थीम पर आज जिले के सरकारी अस्पतालों और वृद्धाश्रमों में दाई बबा दिवस मनाया गया। हेल्थ मेला के अंतर्गत दाई बबा दिवस का आयोजन जिले के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों में किया गया। इसके साथ ही 05 वयोवृद्ध आश्रमों में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वृद्धआश्रम में 52 आयुष्मान कार्ड एवं 5 वय वंदन कार्ड बनाया गया। कार्यक्रम में 60 वर्ष से अधिक उम्रदराज वृद्धजनों का पुष्प गुच्छ एवं तिलक के साथ अभिनंदन किया गया। इसके बाद वयोवृद्ध जनों का एनसीडी स्क्रीनिंग, मानसिक स्वास्थ्य जांच, वयोवृद्ध कार्ड, आंख जांच, पुनर्वास सेवाएं इत्यादि चिकित्सक दल द्वारा किया। जिसमें 5353 वृद्धजनों को लाभान्वित किया गया जिसमे उच्च रक्तचाप के 3668, मधुमेह के 3584, मुख कैंसर स्क्रीनिंग 2824 जाँच किया गया। मानसिक काउंसलिंग 2211, आँख जाँच 1079, टी बी स्पुटम 853, लेप्रोसी 383, संजीवनी टेलीकाउंसलेशन 133 एवं आयुष परामर्श 295 को दिया गया।

# शालाओं और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण से शैक्षणिक गुणवत्ता में होगा सुधार

### अब कोई स्कूल नहीं रहेगा शिक्षक विहीन, बच्चों को मिलेगी बेहतर सुविधाएं

**बिलासपुर**, 4 जून (देशबन्धु)। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अनुरूप राज्य में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर और समावेशी बनाने के उद्देश्य से शालाओं के युक्तियुक्तकरण की दिशा में एक सार्थक पहल की जा रही है। इससे विद्यालयों की गुणवत्ता, संसाधनों की उपलब्धता और शैक्षणिक वातावरण में व्यापक सुधार आएगा। शालाओं एवं शिक्षकों को युक्तियुक्तकरण किया जाना छात्र हित में उचित है। इससे संसाधनों का समुचित उपयोग हो पाएगा। अब कोई भी स्कूल शिक्षक विहीन नहीं होगा। संसाधनों के एकीकरण से बच्चों को मिलेगी बेहतर सुविधा।



जिले में दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता लाने शासन की युक्तियुक्तरण की नीति मील का पत्थर साबित होगी। प्रदेश सरकार के मंशानुरूप विभिन्न स्थानों में एक ही परिसर में अथवा निकट में दो या दो से अधिक शालाएं संचालित हैं ऐसी शालाओं का युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है साथ ही अतिशेष शिक्षकों का शिक्षक विहीन एवं एकल शिक्षकीय शालाओं में युक्तियुक्तकरण कर पदस्थापना की जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी अनिल तिवारी ने बताया कि जिले में आवश्यकतानुसार युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही की जा रही है। स्कूल शिक्षा संचालनालय छत्तीसगढ़ शासन से युक्तियुक्तकरण हेतु जारी निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्र के ऐसे विद्यालय जिनकी दूरी 1 किलोमीटर से कम है या दर्ज संख्या 10 से कम है का युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है। इसी तरह शहरी क्षेत्रों में 500 मीटर से कम दूरी तथा दर्ज संख्या 30 से कम वाली शालाओं का युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार आज युक्तियुक्तकृत एवं अन्य शासकीय शालाओं के अतिशेष सहायक शिक्षक, शिक्षक, प्रधान पाठक, व्याख्याता, प्राचार्य एंव कार्यालयीन कर्मचारियों की पदस्थापना हेतु काउंसलिंग पंडित देवकीनंदन दीक्षित ऑडिटोरियम, स्वामी आत्मानंद लाल बहादुर शास्त्री उत्कृष्ट विद्यालय और स्व. लखीराम अग्रवाल स्मृति ऑडिटोरियम में आयोजित की गई। काउंसलिंग के बाद नई पदस्थापना आदेश भी मौके पर ही दिया गया। युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया से श्रीमती पूनम रामटेके खुश नजर आई। शासकीय प्राथमिक शाला चितावर से नई पदस्थापना उन्हें शासकीय प्राथमिक शाला परसदा में मिली है। इसी प्रकार शिक्षिका शारदा भगत, रजनीगंधा बर्मन, मुमताज बेगम और भारती नायक भी युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया से खुश नजर आए।

# विधायक सुशांत की पहल से मोपका में बनेगा मल्टीपरपज इन्डोर स्टेडियम

### खेल को प्रोत्साहित करने विधायक सुशांत ने युवाओं को दी बड़ी सौगात

### तेरह करोड़ से भी अधिक लागत से बनेगी मल्टीपरपस इनडोर स्टेडियम

**बिलासपुर**, 4 जून (देशबन्धु)। भारत सरकार के महत्वपूर्ण योजनांतर्गत खेलो इंडिया मद से बेलतरा विधानसभा को बड़ी सौगात मिलने जा रहा है। मोपका में तेरह करोड़ चौरासी लाख नब्बे हजार रुपए की लागत से मल्टीपरपस इनडोर स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा जिसमें बैडमिंटन कोर्ट , वालीबाल बास्केटबाल शॉपिंग कंपलेक्स कैफे जैसी अन्य सुविधाएं उपलब्ध रहेगी युवाकार्य मंत्रालय का उद्देश्य युवाओं में ज्यादा से ज्यादा खेल प्रति रुचि बढ़े एवं स्थानीय खिलाड़ियों को राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर की सुविधा दिलाना है जिससे कि वे विभिन्न प्रतियोगताओं में अच्छा प्रदर्शन कर सकें



इस लिहाज से विधायक सुशांत द्वारा केंद्र और राज्य सरकार से अपने विधानसभा क्षेत्र में मल्टीपरपज इनडोर स्टेडियम की मांग की जाती रही है वे इस संबंध में केंद्रीय युवाकार्य मंत्री मनसुख मांडवीय से सतत पत्राचार करते रहे हैं इसके लिए उन्होंने दिल्ली प्रवास कर केंद्रीय युवाकार्य मंत्री श्री मांडवीय से मुलाकात कर इस मांग को तत्काल स्वीकृति दिलाने अनुरोध किया था राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भी अपील कर विधानसभा बेलतरा विधानसभा को सौगात देने की कही थी परिणाम स्वरूप छत्तीसगढ़ शासन के पत्र क्रमांक एफ 30.05 2025 के अंतर्गत इस कार्य को प्रशासकीय स्वीकृति दे दी गई है उक्त निर्माण में सात करोड़ पचास लाख की राशि भारत सरकार से प्राप्त होगी शेष राशि राज्य सरकार द्वारा बहन की जाएगी

इस संदर्भ में विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि खेल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने के साथ सामाजिक कौशल विकसित करने और जीवन में खुशी और आनंद लाने में हमारी मदद करते हैं हमारा प्रयास है कि युवाओं को एक बेहतर वातावरण मिले नशे और आपराधिक प्रवृत्तियां उन्हें स्पर्श भी न कर सके इस दृष्टि खेल और खेल अवसर युवाओं को सहज ही सुलभ हो मेरी पहली प्राथमिकता है ।

# सोनू ढाबा में पुलिस का छापा, बड़ी मात्रा में देशी प्लेन व अंग्रेजी शराब जब्त

### ढाबा संचालक गिरफ्तार ,भेजा गया जेल

**बिलासपुर**, 4 जून (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के द्वारा जिले में नशे के कारोबारियों पर लगातार कार्रवाई करने निर्देशित किया गया है।

जिसके परिपालन में बीबी अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कोटा श्रीमती नूपुर उपाध्याय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रतनपुर नरेश कुमार चौहान के द्वारा टीम गठित कर अवैध शराब, गाँजा,नशीली दवाई बिक्री करने वालो के विरूद्ध कार्रवाई करने मुखबिर तैनात किया गया है। कल 3 जून को मुखबिर से सुचना मिलने पर ग्राम मेलनाडीह में सोनू ढाबा में ढाबा संचालक सुमेनद्र यादव के कब्जे से 80 पाव देशी प्लेन शराब, 06 पाव गोवा विस्की, 03 बॉटल बियर कीमती 7720 रूपये को जप्त कर आरोपी



सुमेन्द्र यादव के विरूद्ध धारा 34(2) आब. एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार चौहान, सउनि उदयभान सिंह, नरेश गर्ग, प्र. आर. सैय्यद अकबर अली, दिनेश कांत, आर. धनराज कुम्भकार का विशेष योगदान रहा।

# सभी मिडिल स्कूलों में होंगे 3 शिक्षक, कोई स्कूल नहीं होगा समस्यामूलक

## प्रशासन का दावा - दूरस्थ क्षेत्रों में बदलेगी तस्वीर



कोरबा, 04 जून (देशबन्धु)। कोरबा जिले में सत्र 2025-26 की विधिवत शुरूआत के दौरान हर सरकारी मिडिल स्कूल में न्यूनतम 3 शिक्षक होंगे और प्रायमरी में भी लगभग ऐसी व्यवस्था होगी। कोई भी स्कूल शिक्षकों के मामले में समस्यामूलक नहीं होगा। युक्तियुक्तकरण और अतिशेष शिक्षकों की नवीन पदस्थापना के साथ स्कूलों में सबकुछ बेहतर हो जाएगा।

जिला प्रशासन ने दावा किया है कि नवीन कार्यप्रणाली से शहरी और ग्रामीण ही नहीं बल्कि दूरस्थ क्षेत्रों के स्कूलों की तस्वीर पूरी तरह से बदलेगी। संबंधित क्षेत्रों को इसका लाभ मिलेगा। कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में आयोजित की गई काउंसिलिंग प्रक्रिया के पश्चात पोड़ी-उपरोड़ा, पाली, कोरबा ब्लॉक के दूरस्थ क्षेत्रों के अनेक विद्यालयों के छात्र इससे लाभान्वित होंगे। कहा गया कि पिपरिया, लमना, मोरगा, दुल्लापुर, चोटिया, पसान, अरसिया, पोड़ी, पाली, सिरमिना, सपलवा, उड़ान, रतखंडी, परसदा, बारी उमराव, पहाडगांव, बाईसेमर, नकिया, श्यांग,लेमरू, खमहून, सिमकेन्दा, लामपहाड़, बिंझकोट जैसे दूरस्थ क्षेत्र के विद्यालयों में अब पर्याप्त शिक्षक होंगे। जानकारी दी गई कि युक्तियुक्तकरण के बाद 287 सहायक शिक्षकों की काउंसलिंग की गई। प्राथमिक शाला के इस काउंसिलिंग प्रक्रिया में 14 शिक्षकविहीन और 273 एकलशिक्षकीय विद्यालय भी शामिल है, जहाँ अतिशेष शिक्षकों की नियुक्ति के पश्चात अब ये विद्यालय शिक्षकविहीन नहीं रहेंगे। अतिशेष शिक्षकों के समायोजन के पश्चात सभी प्राथमिक शाला में अब कम से कम दो शिक्षक होंगे। काउंसिलिंग के पश्चात 20 एकलशिक्षकीय और 4 शिक्षकविहीन और 62 द्विशिक्षकीय मिडिल स्कूलों में भी अब कम से कम तीन शिक्षक पदस्थ हो गए हैं। जबकि हाई व हायर सेकेण्डरी में शिक्षकों की कमी को 72 अतिशेष व्याख्याताओं की पदस्थापना से पूरा कर लिया गया है।

### 276 स्कूलों की व्यवस्था सही हुई

प्रशासन ने बताया कि जिले के पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक में लगभग 100 प्राथमिक विद्यालय ऐसे थे जहाँ एकलशिक्षक होने की वजह से अध्ययन व्यवस्था प्रभावित होती रही है। इसी तरह पाली ब्लॉक के 76 प्राथमिक शाला, करतला के 30,कटघोरा ब्लॉक के 26 और कोरबा ब्लॉक के लगभग 34 प्राथमिक शाला में भी एक शिक्षक के स्थान पर अब कम से कम दो शिक्षक पदस्थ होंगे।

अतिशेष शिक्षको की नई जगह पर पदस्थापना से दूरस्थ क्षेत्र के विद्यालयों में जहाँ शिक्षकों की कमी दूर हो गई है।

# गेवरा माइंस में विवाद के बाद ट्रांसपोर्टर्स में मारपीट, अपराध दर्ज

कोरबा, 04 जून (देशबन्धु)। एसईसीएल की गेवरा कोल माइंस के बाहरी हिस्से में बीती रात मारपीट की घटना सामने आई है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर कुछ लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है और कार्रवाई शुरू कर दी है।

दीपका पुलिस के अनुसार यह घटना रात 10 बजे खदान क्षेत्र में हुई। इस इलाके में कोयला लोड करने वाली गाड़ियों को आगे-पीछे करने को लेकर ट्रांसपोर्टरों के बीच पहले कहासुनी हुई। विवाद बढ़ने पर गाली-गलौज शुरू हो गया, जो जल्द ही मारपीट में बदल गया। इस दौरान कुछ लोगों ने मिलकर एक व्यक्ति पर हमला कर दिया, जिससे उसे चोटें आईं। पीड़ित ने गेवरा थाने में पहुंचकर प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 351(2) (स्वेच्छापूर्वक उपहति कारित करना) और अन्य संबंधित धाराओं के तहत आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए जांच तेज कर दी गई है। इससे पहले कुसमुंडा खदान क्षेत्र में भी कोयला डंप करने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हो चुकी है। उस मामले में भी पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की थी। गेवरा कोल माइंस में हुई इस ताजा घटना के बाद पुलिस ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है और आगे की जांच जारी है।

यहां बताना लाजिमी होगा कि कोरबा जिले की कोयला खदानों को डीओ होल्डर्स और उनके सहयोगियों के बीच प्रतिस्पर्धा बनी हुई है। अच्छा कोयला और इसमें भी जल्दबाजी के चक्कर में आए दिन तमाशे होते हैं और हिंसक घटनाएं हो जाती है। कोरबा क्षेत्र की सरायपाली परियोजना में 26 अप्रैल को इसी वजह से कोयला व्यापारी रोहित जायसवाल की हत्या हो गई। पुलिस ने एसईसीएल के उप क्षेत्रीय प्रबंधक सुरेन्द्र कुमार सिंह के अलावा 24 लोगों को इस मामले में आरोपी नामजद किया है।

## सार-संक्षेप

### पटवा समाज की प्रतिभाएं होंगी सम्मानित



कोरबा, 04 जून (देशबन्धु)। पटवा नामदेव समाज प्रतिभाओं को सम्मानित करने के साथ कई क्षेत्र से जुड़े लोगों को प्रोत्साहित करेगी। बिलासपुर में 8 जून को इसके लिए एक महासम्मेलन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि होंगे। अन्य मंत्री, सांसद और विधायक भी कार्यक्रम में अतिथि होंगे। अध्यक्ष अजय पटवा ने बताया कि इस सम्मेलन में युवक-युवती परिचय, वयोवृद्ध सम्मान, मेधावी 10वीं एवं 12वी बोर्ड के टॉपर सम्मानित किए जाएंगे। सामाजिक पत्रिका श्रृंगार का विमोचन होगा। एक दिवसीय कार्यक्रम में कई आयाम को शामिल किया जा रहा है। महासम्मेलन के लिए समाज की ओर से आवश्यक तैयारी की जा रही है।

### नाली निर्माण के भूमिपूजन में नाम नहीं, कृपाराम नाराज



कोरबा, 04 जून (देशबन्धु)। निगम के नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू निगम अधिकारियों से नाराज है। उन्होंने मुख्यमंत्री से की गई शिकायत में कहा है कि 12 दिसंबर 2024 को तत्कालिन वार्ड क्र. 40 नेहरू नगर में 14वें वित्त आयोग के मद से 47 लाख रूपये की लागत से नाली निर्माण का भूमिपूजन किया गया था।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा किया गया। इसमें प्रभारी मंत्री अरूण साव सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्य के शिलापट्टिका पर वार्ड पार्षद कृपाराम साहू का नाम नहीं लिखा गया है जो कि वार्ड पार्षद का अपमान एवं भाजपा सरकार की मनमानी को दर्शाता है। जबकि निगम में उस समय कांग्रेस का महापौर था इसके बावजूद जानबूझकर वार्ड पार्षद का नाम शिला पट्टिका में नहीं जोड़ा गया। नेता प्रतिपक्ष का कहना है कि इस तरह का भेदभाव नहीं होना चाहिए और ऐसे मामलों को लेकर निष्पक्षता बरतने की जरूरत है।

### संविधान बचाने कांग्रेस ने चैतमा में किया कार्यक्रम



कोरबा, 04 जून (देशबन्धु)। कोरबा जिलान्तर्गत पाली-तानाखार विधानसभा के ग्राम चैतमा में संविधान बचाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत, छत्तीसगढ़ सहप्रभारी जरिता लैतफलांग और रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया आदि उपस्थित रहे। पूर्व विधायक मोहित राम केरकेट्टा, पुरुषोत्तम कंवर, कोरबा ग्रामीण के जिला अध्यक्ष मनोज चौहान, सूरज महंत, दुलेश्वरी सिदार, प्रशांत मिश्रा, प्रभा तंवर, शहर अध्यक्ष नत्थू लाल यादव, अमित भदौरिया, विधायक प्रतिनिधि प्रवीण ओगरे, रामपुर विधानसभा के युकां अध्यक्ष शिवम राय, बरपाली ब्लॉक के कार्यकारी अध्यक्ष विरेन्द्र चंदन, पप्पू गबेल, बिसाहू पटेल, पाली-तानाखार विधानसभा के ब्लॉक अध्यक्षगण एवं कांग्रेस पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### संदीप उपाध्याय का निधन



कोरबा, 04 जून (देशबन्धु)। कोरबा जिला अधिवक्ता संघ के सदस्य डॉ. संदीप उपाध्याय का आकस्मिक निधन 4 जून को रात्रि 3 बजे एक निजी अस्पताल में ईलाज के दौरान हो गया। निधन के समाचार फैलते ही परिजनों,अधिवक्ताओं सहित शुभचिन्तकों में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। उनका अंतिम संस्कार पोड़ीबहार मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। विभिन्न समाज के लोग इस दौरान उपस्थित थे।

### तृप्ति मैठाणी का निधन



कोरबा, 04 जून (देशबन्धु)। जिला अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ अधिवक्ता अमलानंद मैठाणी की पुत्रवधू श्रीमती तृप्ति मैठाणी का 35 वर्ष की अल्पायु में दु:खद निधन दिनों हो गया।

लंबे अरसे से अस्वस्थ होने के कारण दिल्ली में उनका इलाज चल रहा था। हरिद्वार में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके पति आशुतोष मैठाणी ने मुखाग्नि दी।

# कटघोरा व हरदीबाजार परियोजना में रेडी-टू-ईट पर गंभीर गड़बड़ी का आरोप

## कलेक्टर से शिकायत कर निरस्त करने की मांग



कोरबा, 04 जून (देशबन्धु)। जिले में हरदीबाजार और कटघोरा आईसीडीएस परियोजना में रेडी-टू-ईट का काम प्रदाय करने में गंभीर गड़बड़ी का आरोप 2 समूहों ने लगाया है। उन्होंने कलेक्टर से इसकी शिकायत कर काम को निरस्त करने की मांग की है।

हरदीबाजार परियोजना को लेकर जीया महिला समूह ने आपत्ति की है। कहा गया कि यहां पर जय दुर्गा समूह बोइदा को 67 अंक के साथ चौथा स्थान मिला था उसे चयनित कर प्रथम स्थान में चयनित कर वर्क आर्डर कर दिया गया। जबकि जिया स्व सहायता समूह पहली सूची में 83 अंक के साथ सबसे आगे था। बताया गया कि 16 अंकों का अंतर होने पर भी उपकृत किए गए समूह को 18 अंक बेवजह दे दिए गए। इससे लगता है कि चयन समिति के द्वारा धोखाधड़ी की गई है। इसी तरह कटघोरा परियोजना के अंतर्गत मुढ़ाली के लिए जय मां दुर्गा स्व सहायता समूह को वर्क आर्डर दिए जाने पर आपत्ति दर्ज कराते हुए काम को निरस्त करने की मांग की गई। कलेक्टर को बताया गया कि संतोषी समूह मलगांव ने कटघोरा परियोजना के लिए आवेदन किया था। 81 अंक के साथ यह समूह प्रथम था लेकिन अंतिम सूची में 18 अंक से पीछे और तीसरे स्थान पर रहे जय दुर्गा समूह को 15 अंक बढ़ाकर 83 अंक देकर चयनित कर लिया गया। समूह का आरोप है कि फर्जी तरीके से 15 अंक बढ़ाए जाने से पूरा खेल हो गया है। आशंका जताई गई है कि चयन समिति ने सांठ-गांठ करते हुए बाद में दस्तावेज जोड़ दिए। पहले जिस मामले में शून्य अंक दिया गया था उसे बढ़ा दिया गया। पूरे तकनीकी ब्यौरे के साथ मामले की शिकायत कलेक्टर से करते हुए इस पर ध्यान देने को कहा गया है।

### जिपं सदस्यों ने भी लगाया आरोप

जिला पंचायत सदस्य विनोद यादव सहित पंचायत प्रतिनिधियों के अलावा भाजपा पदाधिकारियों ने कलेक्टर से कहा है कि कटघोरा परियोजना में संतोषी समूह को रेडी-टू-ईट के लिए चयनित किया जाए। कारण बताया गया कि सूची के अनुसार 81 अंकों के साथ यह प्रथम था जबकि दावा आपत्ति के बाद इस समूह को द्वितीय कर दिया गया और जो समूह पहले प्रथम स्थान पर था उसे द्वितीय कर दिया गया। यादव ने कहा कि चयन समिति के अधिकारी ने जय दुर्गा समूह मुढ़ाली को प्रथम स्थान किस आधार पर दिया है यह उनकी समझ से परे है। पूरे मामले में भ्रष्टाचार हुआ है इसलिए इसे निरस्त करने के साथ जांच कराई जाए।

# रील बनाने के चक्कर में युवक ने जोखिम में डाली जान



कोरबा, 04 जून (देशबन्धु)। कोरबा शहर के संजय नगर रेलवे फाटक के पास एक नाबालिग बालबाल बच गया। वह रील बनाने के लिए मालगाड़ी के सामने दौड़ रहा था। लोको पायलट ने हार्न देने के साथ गाड़ी की स्पीड कम की। दूसरी ओर कुछ लोगों ने मोबाइल पर इस नजारे को कैद किया। अब पुलिस और आरपीएफ इस मामले में आरोपी की तलाश कर रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुसमुंडा की ओर जा रही मालगाड़ी के सामने अचानक एक युवक ट्रेन की ओर दौड़ता दिखाई दिया। ट्रेन चालक ने तुरंत हॉर्न बजाना शुरू किया, लेकिन युवक इंजन के बेहद करीब पहुंच गया। देखने वालों को लगा कि वह ट्रेन से टकरा जाएगा, लेकिन आखिरी क्षण में युवक ने पटरी छोड़कर साइड में दौड़ लगाई और अपनी जान बचा ली।

जांच में पता चला कि युवक सोशल मीडिया के लिए रील बनाने की कोशिश में यह खतरनाक कदम उठा रहा था। जिन लोगों ने इस नजारे को अपने मोबाइल पर कैद किया। बाद में इसे सोशल मीडिया साइट पर वायरल कर दिया। जानकारी होने पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और स्थानीय पुलिस हरकत में आ गई। जानकारी के मुताबिक युवक संजय नगर बस्ती का निवासी है। आरपीएफ ने उसके खिलाफ आत्महत्या का प्रयास करने का मामला दर्ज किया है और उसकी तलाश जारी है।

### स्टंट के चक्कर में अनहोनी संभव



स्थानीय लोगों ने इस घटना पर चिंता जताते हुए युवाओं से सोशल मीडिया के लिए ऐसे खतरनाक स्टंट न करने की अपील की है। सामाजिक कार्यकर्ता राजू सोनी ने इस मामले को लेकर कहा कि जिंदगी केवल एक बार मिलती है और वह चांस भी नहीं देती। नए जमाने में रील नामक नई बीमारी घुस गई है और इसके साइड इफेक्ट लगातार सामने आ रहे हैं। इससे बचना होगा ताकि परिवारों को दुख न हो।

# बुनियादी जरूरतें नहीं मिल सकी तिलधरा के पंडो लोगों को

## कई दशक से उपेक्षित जीवन जीने की मजबूरी



कोरबा, 04 जून (देशबन्धु)। कोरबा के तिलधरा गांव में बुनियादी सुविधाओं की कमी ने लोगों को वर्षों से उपेक्षा का दंश झेलने को मजबूर किया है। पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड की मानिकपुर पंचायत के आश्रित गांव तिलधरा में पंडो समाज के सैकड़ों लोग शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें बार-बार आश्वासन तो मिले, लेकिन धरातल पर कोई बदलाव नहीं दिख रहा।

तिलधरा गांव की खास बात यह है कि यह आदिवासी बाहुल्य है और आकांक्षी जिला कोरबा का हिस्सा है। जो पंडो समाज बदहाली के बीच गुजर-बसर कर रहा है वह राष्ट्रपति के द्वारा संरक्षित है। गांव में न तो आंगनबाड़ी है और न ही स्कूल। ग्रामीणों ने अपने बच्चों के लिए स्वयं एक झोपड़ी जैसी आंगनबाड़ी बनाई। गांव की युवती सुनीता पंडो ने कुछ समय तक बच्चों को पढ़ाया, लेकिन उनके विवाह के बाद यह केंद्र अपने हाल पर छोड़ दिया गया। वर्तमान में गांव के लगभग 30 बच्चे शिक्षा, पोषण, और स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन और एकीकृत बाल विकास योजना (आईसीडीएस) से स्थायी आंगनबाड़ी केंद्र की मांग की है, लेकिन अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया।

ग्रामीणों ने बताया कि बच्चों के टीकाकरण के लिए न तो कोई अस्पताल नजदीक है और न ही स्वास्थ्यकर्मी गांव में आते हैं। पंडो महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी नहीं दी जाती। इसके अलावा, जन्म प्रमाण पत्र की अनुपस्थिति के कारण बच्चों को स्कूल में दाखिला और अन्य सुविधाएं प्राप्त करने में भारी दिक्कत हो रही है।

### नहीं पहुंच रही पीएमजीएसवाय की सड़क

कोरबा जिले में अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों को सुविधा देने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़कें बनी हैं, लेकिन तिलधरा को इससे जोड़ा नहीं गया। स्कूल की अनुपस्थिति के कारण बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है।

ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि आजादी के अमृत काल में भी उनके गांव को मूलभूत सुविधाओं से वंचित क्यों रखा गया है। स्थानीय लोग प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि तिलधरा में सुविधाएं देने पर काम हो, न कि आश्वासन से काम चलाया जाए।

# श्वेता हास्पिटल में प्रसूता की मौत, विधायक ने कहा जांच हो



कोरबा, 04 जून (देशबन्धु)। रस्दी स्थित श्वेता हॉस्पिटल में एक गर्भवती महिला की इलाज के दौरान हुई मृत्यु के मामले में रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक फूलसिंह राठिया ने कोरबा कलेक्टर को पत्र लिखकर जिंाच की मांग की है। ग्राम गोढ़ी निवासी उप सरपंच रणजीत सिंह की पत्नी अंजली सिंह, जो 9 माह की गर्भवती थी, का इलाज श्वेता हॉस्पिटल में चल रहा था।

1 जून को प्रसव पीड़ा होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां ऑपरेशन के बाद अंजली ने एक पुत्र को जन्म दिया। हालांकि, ऑपरेशन के कुछ समय बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें न्यू कोरबा हॉस्पिटल रेफर किया गया। वहां इलाज के दौरान रात्रि में अंजली की मृत्यु हो गई। विधायक राठिया ने अपने पत्र में इस मामले में लापरवाही की आशंका जताते हुए कलेक्टर से त्वरित और निष्पक्ष जांच की मांग की है, ताकि घटना के कारणों का पता चल सके और दोषियों पर उचित कार्रवाई हो। वहीं अंजली के परिजनों ने भी पूरे घटनाक्रम को लेकर श्वेता हास्पिटल प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। अंजली के देवर ने मीडिया से चर्चा में कहा कि उसकी भाभी प्रसव के पहले तक ठीक-ठाक थी और फिर अस्पताल ने कहा कि उसकी किडनी, लीवर काम नहीं कर रहे हैं। आखिर ऐसा कैसे हो सकता है।

# जल संरक्षण के साथ पर्यावरण की बेहतरी पर कामकाज



कोरबा, 04 जून (देशबन्धु)। बालको ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। कंपनी ने मिक्स रिन्यूबल एनर्जी के उपयोग, जल संरचनाओं के पुनरुद्धार और वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। यह कंपनी के वर्ष 2030 तक 'नेट वाटर पॉजिटिविटी' और 2050 तक 'नेट ज़ीरो कार्बन एमिशन' प्राप्त करने के लक्ष्य के अनुरूप हैं।

बालको ने अपने प्रचालन में मिक्स रिन्यूबल एनर्जी का उपयोग बढ़ाया है, जिससे वित्तवर्ष 2025 में 1.6 लाख टन से अधिक कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आई है। एनर्जी एफिशिएंसी बढ़ाने के लिए कंपनी ने अपने पॉटलाइन में एक उन्नत रीलाइनिंग डिज़ाइन को अपनाया है, जिससे प्रति मीट्रिक टन उत्पादन में 400 किलोवाट-घंटे तक ऊर्जा की बचत हुई है। इसके साथ ही लॉजिस्टिक्स में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देते हुए कच्चे माल और तैयार उत्पादों की आवाजाही को अधिक कुशलता से प्रबंधित किया गया, जिससे उत्सर्जन में और कमी आई है।

जल संरक्षण के क्षेत्र में बालको ने 5.20 मिलियन क्यूबिक मीटर से अधिक जल का पुनर्चक्रण किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 17 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। कंपनी ने अपने आसपास के समुदाय में 28 जल संरचनाओं जैसे कि फार्म तालाब और सामुदायिक जलाशय का पुनरुद्धार किया, जिनकी कुल संग्रहण क्षमता 39,000 घन मीटर से अधिक है, जिससे भूजल में वृद्धि और कृषि को सहायता मिली है। कंपनी ने वनीकरण की अपनी पहल के अंतर्गत खनन क्षेत्रों, ऐश डाइक और समुदाय के आसपास 52,000 से अधिक पौधा रोपण किया है।

# राजमिस्त्री ने कीटनाशक खाकर की आत्महत्या

कोरबा-कटघोरा, 04 जून (देशबन्धु)। कटघोरा थाना क्षेत्र के हुकरा गांव में 60 वर्षीय राजमिस्त्री राम राणा ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या कर ली। पिछली शाम उनकी बहू ने कमरे से दुर्गंध महसूस होने पर उन्हें बेहोशी की हालत में पाया। परिजनों ने तुरंत उन्हें जिला मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

मृतक के पुत्र कार्तिक राम ने बताया कि उनके पिता नियमित रूप से राजमिस्त्री का काम करते थे और खेती-किसानी में भी सक्रिय रहते थे। मंगलवार को वह काम पर नहीं गए और अचानक यह कदम उठा लिया। कार्तिक के अनुसार, परिवार में कोई विवाद नहीं था और पिता ने कभी किसी परेशानी का जिक्र नहीं किया। परिवार में दो भाई और उनके परिवार एक साथ खुशी से रहते थे।

जिला अस्पताल चौकी प्रभारी दाऊद कुजुर ने बताया कि मेडिकल कॉलेज से प्राप्त मेमो के आधार पर परिजनों के बयान दर्ज किए गए हैं। पुलिस यह जांच कर रही है कि राम राणा ने कब, कैसे और किन परिस्थितियों में कीटनाशक का सेवन किया। पुलिस के अनुसार, ऐसी घटनाएं अक्सर नशे या घरेलू विवाद से जुड़ी होती हैं। कोरबा में पहले भी एक मामले में मां-बेटे ने महुआ शराब पीने के बाद कीटनाशक खाया था, जिसमें मां की मौत हो गई थी। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है। -

## प्रयास विद्यालयों में प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित

कोरबा, 04 जून (देशबन्धु)। प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 अंतर्गत कक्षा 09वीं में प्रवेश हेतु आयोजित चयन परीक्षा के परिणाम घोषित किए जा चुके हैं।

विद्यार्थी अपना परीक्षा परिणाम वेबसाइट में अवलोकन कर सकते हैं। इसका मैरिट चयन सूची अलग से प्रसारित की जाएगी। जारी परीक्षा परिणाम में अभ्यर्थियों के नाम व रोल नंबर में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर विद्यार्थी अपने गृह जिले के संबंधित सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति हेतु 10 जून तक कार्यालयीन समय में अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त अभ्यावेदन मान्य नहीं होगा। डाक से दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जायेगा।

## सार-संक्षेप

### तेंदू डांड में एक और पक्की सड़क का भूमिपूजन, 339.18 लाख की लागत से बनेगी सड़क



**एमसीबी/खड़गवां,** 03 जून (देशबन्धु)। खड़गवां जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत ठगगांव (तेंदूडांड) में करवा से ठगगांव पीएमजीएसवाई की 6.6 किमी की पक्की सड़क का भूमिपूजन स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल के हाथों से संपन्न हुआ। 339.18 लाख की इस पक्की सड़क का भूमिपूजन कार्यक्रम विधिवत मंत्रोचार के साथ सैकड़ों की संख्या में उपस्थित ग्रामीणों के बीच तेंदूडांड में हुआ। इस दौरान जिला एमसीबी पीएमजीएसवाई के कार्यपालन अभियंता एमआर सिंह, जनपद पंचायत खड़गवां सीईओ, एसडीओ शैलेश गुप्ता, सब इंजीनियर वी चंद्रशेखर राव, ठेकेदार स्टॉप विवेक मिश्रा, तहसीलदार खड़गवां, पटवारी मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि करवा से ठगगांव तक 6.6 किमी. की पक्की सड़क की मांग सालों से ग्रामीणों के द्वारा की जा रही थी किंतु साल दर साल बीतता चला गया परंतु पक्की सड़क की मांग पूरा होना एक बात होती जब सिर्फ आश्वासन भी मिला होता, इसी बात का जिक्र ठगगांव के ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सरपंच श्रीमती तुला देवी ठगगांव ने कही, उन्होंने कहा कि बीते पंचायत चुनाव के दौरान मैंने अपने मत दाताओं की मांग पर भरोसा दिलाया था कि अगर मैं चुनाव जीत कर आती हूं और ठगगांव की सरपंच बनती हुं तो आपकी मांग अवश्य पूर्ण कराऊंगी और देखिए चुनाव के अभी साल भी नहीं बीते है और मंत्री की विशेष पहल पर आज आपके सामने आपकी मांग पक्की सड़क का भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हो रहा है। स्थानीय मुखिया श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि तेंदूडांड एक ऐसा स्थान रहा है जहां गर्मी में भी चार चक्का से आना मुश्किल था, वहां अब पक्की सड़क बनेगी। पुराने दिनों को याद करते हुए जायसवाल ने कहा कि देखिए डामर रोड पहले हम लोग देखे नहीं थे, जब पढ़ने खड़गवां स्कूल हम लोग सायकिल से आया करते थे तो ठग गांव के मेरे साथी पैदल ही शॉर्ट कट सीधे अचानक झोला लेकर प्रगट हो जाते थे, कहने का मतलब है ये वही गांव है जहां सड़क नहीं रहने की समस्या थी, लेकिन अब साय सरकार है, मैने अधिकारियों को कह दिया है कि सरकार के पास पैसे की कोई कमी नहीं है इसलिए ग्राम पंचायत के कोने कोने तक सड़क बनाने में कोई कोताही नहीं बरती जानी चाहिए। जायसवाल ने ठगगांव के स्कूल उन्नयन की भी जानकारी ग्रामीणों को देते हुए कहा कि 14 हैण्ड पंप ठग गांव को दिया गया है और 115 पहले से है लेकिन हैंड पंप से कुछ नहीं होने वाला है, आप लोगों को बरसाती पानी को रोकना होगा ताकि जल स्तर में वृद्धि हो।

उक्त भूमिपूजन कार्यक्रम में अरुणोदय पांडे, धनंजय पांडे, पूर्व जनपद अध्यक्ष सोननमती उर्रे, पूर्व सरपंच ठग गांव, सहित पंच और वन अधिकार के 30 हितग्राही और सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### फर्जी डिग्री इंस्टिट्यूट की शिकायत होने पर संस्था को किया गया सील




**एमसीबी,** 4 जून (देशबन्धु)। जिले के नगर पंचायत जनकपुर में संचालित डॉ.भीमराव अंबेडकर एजुकेशन इंस्टीट्यूट के नाम पर बीसीए/एमसीए/पीजीडीसीए डिग्री देने वाली फर्जी संस्था का खुलासा हुआ है। इस संबंध में श्री सुनील पांडे द्वारा जिला कलेक्टर को की गई शिकायत के आधार पर एसडीएम भरतपुर के द्वारा की गई जांच में उक्त संस्था गैर मान्यता प्राप्त और फर्जी पाई गई। जांच के बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संस्थान को तत्काल सील कर दिया है। बताया गया है कि यह फर्जी संस्था पिछले एक वर्ष से संचालन में थी, जिसका संचालन प्रदीप कुमार वर्मा पिता मथुरा प्रसाद द्वारा किया जा रहा था। संचालक ने रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी, महर्षि दयानन्द कंप्यूटर साक्षरता संस्थान, एशियाई इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी जैसी संस्थाओं से मान्यता प्राप्त डिग्री देने का झूठा दावा करते हुए फर्जीवाड़ा किया। कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार भरतपुर द्वारा भरतपुर के कोटाडोल तिराहा के निकट स्थित इस फर्जी केंद्र का बोर्ड उतरवाकर संस्थान को सील कर दिया गया।

### प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित, त्रुटि सुधार हेतु 10 तक कर सकते है दावा-आपत्ति

**एमसीबी,** 4 जून (देशबन्धु)। प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए आयोजित प्राक्चयन परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए यह परीक्षा 20 अप्रैल 2025 को छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिला मुख्यालयों में आयोजित की गई थी, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया था। अब इस परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है और इसे अभ्यर्थियों के अवलोकन के लिए विभाग की आधिकारिक विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह केवल परीक्षा परिणाम है, जबकि मेरिट सूची का प्रकाशन पृथक से किया जाएगा।

वेबसाइट पर अपलोड किए गए परीक्षा परिणाम में प्रत्येक अभ्यर्थी से अनुरोध किया गया है कि वे अपने नाम एवं रोल नंबर का ध्यानपूर्वक मिलान कर लें। यदि किसी प्रकार की त्रुटि या विसंगति प्रतीत होती है, तो संबंधित अभ्यर्थी स्वयं उपस्थित होकर दावा-आपत्ति सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में सीधे रूप से प्रस्तुत कर सकते है । साथ ही किसी भी प्रकार के डाक या ऑनलाइन माध्यम से भेजे गए दावा-आपत्ति स्वीकार नहीं किए जाएंगे। दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10 जून 2025 निर्धारित की गई है। इसके पश्चात प्राप्त किसी भी दावा-आपत्ति को मान्य नहीं किया जाएगा।

### संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन आज

**अम्बिकापुर,** 4 जून (देशबन्धु)। सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत राज्य सूचना अधिकारियों की उपस्थिति में कार्यालयों में पदस्थ जनसूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों के लिए एक दिवसीय संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन 05 जून को प्रातः 11 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में किया गया है। सरगुजा सम्भाग उपायुक्त राजस्व ने निर्धारित तिथि एवं समय पर सर्वसम्बन्धितों को कार्यशाला में उपस्थित होने कहा है।

# दामाद ने ससुर को उतारा मौत के घाट

### साथ ही दो मासूम बिल्लियों की भी ली जान, गिरफ्तार



रायगढ़, 03 जून (देशबन्धु)। सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले से एक दिल दहला देने वाली हत्या का मामला सामने आया है। गुस्से में दामाद ने अपने ससुर की हत्या तो की साथ में दो मासूम बिल्लियों को भी मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद बिलाईगढ़ पुलिस ने आरोपी ओम प्रकाश जांगड़े को गिरफ्तार कर लिया है।

बिलाईगढ़ एसडीओपी विजय ठाकुर ने बताया कि, बिलाईगढ़ थाना क्षेत्र के लुकापारा निवासी आरोपी ओम प्रकाश जांगड़े की शादी करीब 17 वर्ष पहले उनके ही गांव लुकापारा रेखा बाई से हुआ था। रविवार रात 8.30 बजे आरोपी ओम प्रकाश जांगड़े और उनकी पत्नी रेखा बाई जांगड़े के बीच पारिवारिक बात को लेकर वाद विवाद शुरू हुआ। वाद विवाद के बाद आरोपी ने अपने पत्नी के साथ मारपीट शुरू कर दी।

जिसके बाद आरोपी के बच्चों ने अपने नाना मृतक राम गिलास खुंटे के घर जाकर अपने नाना को पूरी कहानी बताई। जिसके बाद राम गिलास आरोपी के घर पहुंचे और अपने दामाद को अपनी बेटी के साथ मार पीट करने से रोका और समझाईश देकर अपनी बेटी को अपने साथ अपने घर ले कर चले गए।

#### धारदार हथियार से ससुर की हत्या

इतने में आरोपी दामाद ओम प्रकाश आग बबूला हो गया और शराब के नशे में धारदार हथियार लेकर अपने ससुर के घर चला गया। बाहर गाली-गलौज करने लगा लेकिन घर के बाहर कोई नहीं निकले थोड़ा देर बाद माहौल शांत हो गया। जिसके बाद मृतक रामगिलास अपने दामाद को घर चल दिया है कह कर बाहर निकाला। आरोपी दामाद ने उन पर धारदार हथियार से सर पर कई बार गंभीर वार कर दिया। इतने में भी आरोपी का मन नहीं भरा और वही पास में बैठी दो मासूम बिल्लियों को भी धारदार हथियार से काट डाला और वहा से फरार हो गया।

#### पुलिस ने हत्यारे को किया गिरफ्तार

इस हृदयविदारक घटना की जानकारी मिलते ही बिलाईगढ़ पुलिस थाना प्रभारी शिवकुमार धारी के नेतृत्व में और फॉरेंसिक की टीम डॉ निरंजर साहू के नेतृत्व में मौके पर पहुंची और बारीकी से जांच किया गया। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी ओम प्रकाश जांगड़े को भी गिरफ्तार कर लिया है। जिसके बाद कड़ाई से पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म शिकार किया। आरोपी के निशानदेही पर धारदार हथियार को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। फिलहाल पुलिस आगे की जांच और कार्यवाही में जुटी हुई है।

# थानेदारों के पीछे आरएसएस व भाजपा नेताओं का बड़ा सपोर्ट

### पुलिस के बड़े अधिकारी भी देख रहे हैं तमाशा

**रायगढ़,** 03 जून (देशबन्धु)। रायगढ़ जिले में इन दिनों जिले के अलग-अलग थानों में पदस्थ कुछ थाना प्रभारियों की राजनीति चर्चा का विषय बनी हुई है। स्थिति यह है कि थाना प्रभारी अपने पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिनस्थ बड़े अधिकारियों के आदेश को दरकिनार करते हुए अपनी ही राजनीति करते हुए नेताओं के हाथों की कठपुथली बन गए हैं और यही कारण है कि अब पुलिस अधीक्षक जिनको हाथो से हटाते है तो वे भाजपा नेताओं की शरण में जाते हैं कुछ थाना प्रभारी आरएसएस का सहारा लेते हैं तो कुछ राजनीतिक पकड के चलते थानो में अवैध उगाही का अड्डा बनाते हुए अपना उल्लू सीधा कर रहे हैं। जनता के बीच यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि कांग्रेस शासन में तो थानेदार पैसा देकर पोस्टिंग करवाते थे और अब नेताओं को खुश करके पोस्टिंग पाने के लिये बकायदा लामबंदी हो रही है। ताजा उदाहरण पहले तमनार का था और अब घरघोड़ा का हो गया है।

जानकार सूत्र बताते हैं कि रायगढ़ जिले में कुछ दिन पहले पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने चक्रधर नगर, जूटमिल, तमनार, खरसिया सहित कुछ अन्य थाना प्रभारियों की लिस्ट निकालकर कुछ थाना प्रभारियों को अलग-अलग जगह




पोस्टिंग के आदेश जारी किये थे। यहां यह बताना लाजमी होगा कि पुलिस अधीक्षक का यह अपना तरीका होता है कि वे साल दो साल में थाना प्रभारियों को इधर से उधर करके उनकी कार्यो में तेजी के साथ-साथ और अधिक कसावट आये और इसके अलावा जो लंबे समय से थाने में पदस्थ रहते हैं उनकी भी गलत फहमी दूर करने के लिये एसपी का आदेश काफी होता है। हाल ही में जो लिस्ट निकली थी उसमें मात्र पांच दिन के भीतर तमनार थाना प्रभारी ने बकायदा ताल ठोकते हुए पुलिस अधीक्षक को मजबूर कर दिया कि वे तमनार के अलावा उन्हें कहीं और पदस्थ न करें और हुआ भी यही कि आखिरकार थाना बदलने के बाद भी तमनार थाना प्रभारी कथित तौर पर आरएसएस का सहारा लेते हुए वापस तमनार में ही पदस्थ होनें में कामयाब हो गए। चर्चा यह है कि तमनार थाना प्रभारी पुलिस अधीक्षक के हर आदेश को रद्दी की टोकरी में डाल देते हैं चूंकि उन्हें इस बात का गुरूर है कि उन्हें आरएसएस संस्था से विशेष सहयोग मिलता है। इतना ही नही अपनी कार्यशैली के लिये चर्चित थाना प्रभारी अब तमनार छोड़ना ही नही चाहते। अब दो दिन पहले ही लेनदेन व अवैध उगाही की शिकायत पर लाइन अटैच हुए घरघोडा थाना प्रभारी हर्षवर्धन सिंह के लिये भी भाजपा के कुछ नेताओं द्वारा की जा रही लामबंदी इस बात के संकेत है कि घरघोड़ा में भाजपा के सहयोग से रेत तस्करी, कोयला तस्करी के अलावा अवैध लेनदेन के कई मामले सामने आते रहते हैं जिनमें कुछ भाजपा नेता खुलकर साथ देते हैं और ऐसे में अचानक बिलासपुर संभाग के महानिरीक्षक संजीव शुक्ला के निर्देश पर जिला पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने घरघोड़ा थाना प्रभारी सहित दो सिपाहियों को हटाया तो भूचाल सा आ गया है। लाइन अटैच के बावजूद भी 24 घंटे तक थाने में ही जमे रहकर कुछ लोगों के खिलाफ फर्जी मामले दर्ज करके अपनी ताकत दिखाना यह बताता है कि अपने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का थाना प्रभारी कितना लिहाज करते हैं। बहरहाल अब देखना यह है कि एक के बाद एक सामने आते इस प्रकार के मामलों से निपटने के लिये वरिष्ठ पुलिस अधिकारी क्या कदम उठाते है। चूंकि बढ़ते राजनीतिक संरक्षण से न केवल पुलिसिंग खराब हो रही है बल्कि जनता के बीच भी गलत संदेश जा रहा है।

# युक्तियुक्तकरण किए जाने से शिक्षा की गुणवत्ता में होगी वृद्धि

### जिले की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने किए जा रहे प्रयास- जिला शिक्षा अधिकारी

**कोरिया,** 03 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला पंचायत के मंथन कक्ष में समिति के सदस्यों की उपस्थिति में शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम, जिला शिक्षा अधिकारी श्री जितेंद्र गुप्ता व विकासखंड शिक्षा अधिकारी भी उपस्थित थे।

शासन के निर्देश के तहत शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण किए जाने से शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। इसके साथ ही विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम भी अच्छा होगा। प्रदेश के विभिन्न स्तर के शालाओं में अतिरिक्त अतिशेष शिक्षकों को अतिरिकत शिक्षकों को युक्तियुक्तकरण किए जाने से विद्यार्थियों को अध्ययन में लाभ मिलेगा। इसी तरह स्कूलों के युक्तियुक्तकरण से फायदा मिलेगा।

जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि कोरिया जिले में सहायक शिक्षक के 81, शिक्षक के 33 तथा व्याख्याता के 7 पदस्थापना आदेश आज काउंसलिंग उपरांत जारी की गई है। उन्होंने बताया कि युक्तियुक्तकरण स्कूल के साथ-साथ शिक्षकों के लिए इसलिए आवश्यक था, क्योंकि बहुत सारे स्कूल जो शहरी क्षेत्रों में है, वहां दर्ज संख्या के मान से ज्यादा शिक्षक कार्यरत हैं। दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की कमी है। स्कूल युक्तियुक्तकरण एवं शिक्षक युक्तियुक्तकरण से जहां-जहां शिक्षकों की कमी है, वहां शिक्षकों की पूर्ति किया जाना संभव हुआ। उन्होंने बताया कि शिक्षकों का समायोजन से निश्चित रूप से परीक्षा परिणाम में भी बेहतर सुधार होगा और शिक्षक युक्तियुक्तकरण से इसकी कमी की पूर्ति की जा सकेगी और जिले की शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर किया जा सकेगा। पूरी पारदर्शिता के साथ युक्तियुक्तकरण किया गया है।

# डेनिया नाला में बांध निर्माण से बढ़ेगा जलस्तर- जमील शाह

### पार्षद ने कलेक्टर को पत्र लिखकर अविलंब बांध निर्माण कराये जाने की रखी मांग

**मनेन्द्रगढ़,** 4 जून (देशबन्धु)। बढ़ती गर्मी और आने वाले जलसंकट को देखते हुए नगरपालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ के पार्षद जमील शाह ने मनेन्द्रगढ़ नगरपालिका सीमा से लगे डेनिया नाला में बांध निर्माण कराये जाने के लिये कलेक्टर एमसीबी को पत्र लिखा है।



मनेन्द्रगढ़ नगरपालिका के वार्ड नं 4 के पार्षद जमील शाह ने कलेक्टर एमसीबी को लिखे पत्र में उल्लेख किया है की मनेन्द्रगढ़ नगरपालिका की सीमा के अंतर्गत आने वाले वन क्षेत्र कमांक 703, परिसर झगराखाण्ड अंतर्गत डेनिया नाला में बांध निर्माण की अत्यंत आवश्यकता है। यह क्षेत्र सिद्धबाबा पहाड़ से निकलने वाले तीन नालों का संगम स्थल है जिससे वर्षा ऋतु में डेनिया नाला में भरपुर जल संग्रहित रहता है। इस नाले में बांध निर्माण से जल संचयन हो सकेगा जिससे ना केवल जंगली जीव-जंतुओं और ग्रामवासियों के पशुओं को पेयजल की सुविधा मिलेगी बल्कि क्षेत्र के हैण्डपंपों और कुंओ का जल स्तर भी बढ़ेगा। बांध निर्माण के बाद बांध में संग्रहित जल का लाभ वार्ड क्रमांक 4, 5.और 6 के निवासियों को मिलेगा साथ ही निकटवर्ती ग्राम पंचायत चनवारीडांड के ग्रामीणों को भी जल आपूर्ति में सहायता होगी और भविष्य में जल सकंट की स्थित नहीं बनेगी। कलेक्टर को लिखे पत्र में पार्षद जमील शाह ने अनुरोध किया है की जनहित और पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से डेनिया नाला में शीघ्र बांध निर्माण कराने की कृपा करें। पार्षद ने पत्र के साथ ही पूर्व में किये गये आवेदन की छायाप्रति भी प्रस्तुत की है साथ ही उसकी एक प्रतिलिपि वनमंडलाधिकारी मनेन्द्रगढ़ को भी प्रेषित की है। पार्षद जमील शाह ने बताया की जनहित के इस निर्माण कार्य को लेकर उन्होंने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री और स्थानीय विधायक श्यामबिहारी जायसवाल से भी निवेदन किया है जिस पर मंत्री जी ने वनमंडलाधिकारी मनेन्द्रगढ़ से चर्चा की है।

# रेंगालपाली बेरियर के पास ट्रक व बाइक भिड़ी

### जिंदल के ठेका कर्मचारी की दर्दनाक मौत

**रायगढ़,** 03 जून (देशबन्धु)। सरहदी ओड़िशा बॉर्डर के रेंगालपाली बेरियर के पास ट्रक और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत होने से जिंदल के ठेका कर्मचारी की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, मृतक के जख्मी साथी का मेकाहारा में इलाज चल रहा है।



हादसे की विवेचना कर रहे जूटमिल थाने के प्रधान आरक्षक रामनाथ बनर्जी ने बताया कि बीते 1 जून की रात तकरीबन साढ़े 9 बजे ओड़िशा रोड स्थित रेंगालपाली बेरियर के समीप उस समय हड़कम्प मच गया, जब अपेक्षाकृत तेज और लापरवाही पूर्वक रफ्तार से आ रहे ट्रक (क्रमांक -सीजी 04 जेबी 7701) ने मोटर सायकिल (क्रमांक दृ सीजी 11 ए एन 5927) सवार दो युवकों को इस कदर अपनी चपेट में लिया कि दुपहिया वाहन के क्षतिग्रस्त होने के साथ उसमें सवार दोनों युवक घायल हालत में असहाय पड़ गए। आसपास के लोगों ने आहतों की गंभीरता को भांप नजदीकी थाने को सूचित करते हुए मदद की गुहार लगाई। कुछ ही देर में पुलिस ने घटना स्थल पहुंचकर पूछताछ की तो जख्मियों की पहचान हुई। बताया जाता है कि सीमावर्ती ओड़िशा के रेंगाली थाना अंतर्गत ग्राम आमापाली निवासी चंदन देहरी पिता उसत राम देहरी (26 वर्ष) झारसुगुड़ा में जिंदल के हासको ठेका कंपनी में एक ठेकेदार के मातहत वेल्डर था। गत 31 को रेंगाली के एक परिवार में शादी कार्यक्रम होने पर चंदन अपने साथी सुधांशु देहरी को लेकर मोटर सायकिल से गया था। वैवाहिक समारोह से वापसी के दौरान चंदन व सुधांशु बाइक से बड़मुड़ा होते रेंगालपाली बेरियर के पास पहुंचे ही थे कि काल रूपी ट्रक ने उनको ठोक दिया। इस दुर्घटना में चंदन के सिर के पीछे और शरीर के अंदरूनी भागों में गंभीर चोटें आने पर मौके पर ही उसके प्राण पखेरू उड़ गए तो सुधांशु भी चोटिल हुआ। रात को ही एम्बुलेंस से दोनों को जब रायगढ़ के मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल लाया गया तो डॉक्टर्स ने प्राथमिक जांच में ही चंदन को मृत घोषित कर दिया। वहीं, घायल सुधांशु का उपचार जारी है।

बहरहाल, मृतक के भाई कुंदन देहरी की सूचना पर जिला चिकित्सालय में आज पोस्टमार्टम कराने वाली पुलिस अब आरोपी ट्रक चालक को कानूनी पचड़े में फंसाने के लिए आगे की कार्रवाई कर रही है।

# जेएसडब्ल्यू के खिलाफ आर्थिक नाकेबंदी का अल्टीमेटम

### जिलाधीश को सौंपा 6 सूत्रीय मांग का पत्र

**रायगढ़,** 03 जून (देशबन्धु)। रायगढ़ जिले के भूपदेवपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम नहरपाली में संचालित मोनेट कंपनी के जेएसडब्ल्यू के रूप में विलय होनें के बाद आसपास क्षेत्र के दर्जन भर गांव के हजारों ग्रामीण अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। कंपनी के लिये भू-अर्जन के कारण अपनी रोजी रोटी व कृषि भूमि को खो चुके इन ग्रामीणों ने अब कंपनी की वादाखिलाफी, प्रदूषण और मनमानी के खिलाफ विरोध का झंडा उठाते हुए पांच सूत्रीय मांगों के साथ अपनी मांगे पूरी न होनें की स्थिति में आगामी 5 जून पर्यावरण के दिन से जेएसडब्ल्यू के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन व आर्थिक नाकेबंदी शुरू करने की चेतावनी दी।

जिलाधीश के नाम पर सौंपे गए लिखित ज्ञापन के माध्यम से भूपदेवपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत भूपदेवपुर, बिलासपुर, रक्शापाली, बड़े जामपाली,




दरामुड़ा, नहरपाली के जनप्रतिनिधि सरपंच व गांव के अन्य ग्रामीणों के हस्ताक्षर से जारी इस ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि पूर्व में यहां संचालित मोनेट कंपनी के द्वारा भू-अर्जन से प्रभावित लैंड लूजरों को स्थाई नौकरी देने का आश्वासन कंपनी की ओर से दिया गया था इसी तरह गोदनामा लिये गए 9 ग्रामों में विकास के कार्य, प्रदूषण पर नियंत्रण तथा ग्रामवासियों की सुविधाओं के लिये सीएसआर मद से विकास के काम करवाने के लोक लुभावन वादे तो किये गए मगर कंपनी के मालिक ने बीच में ही इस कंपनी को जेएसडब्ल्यू के हवाले कर दिया और ग्रामीणों की मांगे अधूरी की अधूरी रह गई। इन ग्रामवासियों ने आरोप लगाया है कि जेएसडब्ल्यू के अधिकारियों से संपर्क करने पर उनके द्वारा मनमानी काम किया जा रहा है और लैंड लूजरों को उनकी मांग के अनुरूप नौकरी नही दी जा रही है।

इन प्रभावित ग्रामों के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने जेएसडब्ल्यू कंपनी पर क्षेत्र में प्रदूषण परोसने और धुल-धुंए और डस्ट के कारण सांसों की बीमारी का फैलाव होनें तथा कंपनी के मेनगेट के आसपास डस्ट के कारण आये दिन सड़क दुर्घटनाएं घटित होनें का आरोप लगाते हुए कहा है कि पूर्व में भू-अर्जन के कारण प्रभावित भू-स्वामियों को कंपनी में अब न केवल स्थाई नौकरी दी जाये बल्कि उनके रिटायरमेंट के बाद उनके बेटों को भी स्थाई नौकरी में रखा जाए। इसी तरह कंपनी के द्वारा गोदनामा लिये गए 9 गांवों में पूर्व में किये गए वादों के अनुरूप विकास के कार्य पूरे किये जाएं, तथा प्रदूषण पर स्थाई नियंत्रण के साथ-साथ पूर्व में निकाये गए कामगारों को भी रोजगार उपलब्ध कराया जाये। ग्रामीणों का आरोप है कि नहरपाली के आसपास ग्राम पहुंच के लिये बनाई गई बीएमडब्ल्यू सड़क को भी कंपनी के द्वारा हडप लिया गया है।

# सिलबटटे से वार कर युवक की निर्मम हत्या

### तमनार अंचल के कठरापाली गांव का मामला

### चार संदेही पुलिस की हिरासत में

**रायगढ़,** 03 जून (देशबन्धु)। युवक के सीने पर सिलबट्टा से वार करके उसकी हत्या कर देने का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई है। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजते हुए पूरे मामले को जांच में ले लिया है। उक्त मामला तमनार थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार डोलेसारा पंचायत के कठरापाली निवासी ओमप्रकाश कुर्रे युवक की आज अज्ञात शख्स ने सिपाई में उपयोग होनें वाले पत्थर सिलबट्टा से वार करके हत्या कर हत्या दी



गई। इस घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई है। ग्रामीणो की सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस टीम मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेज दिया है। साथ ही साथ पुलिस गांव के ग्रामीणों के अलावा संदेहियों से पूछताछ कर रही है। प्रारंभिक जांच के दौरान बताया जा रहा है कि आपसी रंजिश की वजह से ओमप्रकाश की बेरहमी से हत्या कर आरोपी फरार हो गया है। फिलहाल पुलिस जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लेने की बात कह रही है।

## सार-संक्षेप

### चौकी कनकबिरा पुलिस ने जुआड़ियों के विरुद्ध की कार्रवाई

**8 आरोपियों के कब्जे से बरामद की गई 2 कार, 1 मोटर सायकल,10 मोबाइल ,52 पत्ती ताश ,51560 ? नगद रकम।**




**सारंगढ़,** 03 जून (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा जिले में अवैध जुआ सट्टा पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने हेतु लगातार कार्यवाही करने के सक्त निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमिषा पांडे के दिशा निर्देश पुलिस अनुविभागीय अधिकारी स्नेहिल साहू सारंगढ के मार्ग दर्शन में चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक टीकाराम खटकर के द्वारा साइबर टीम एवं अपने हमाराह स्टाफ के साथ ग्राम घठौरा के तालाब खेत में रेड कार्यवाही कर जुआडी घनश्याम साहू(पूर्व सरपंच के परिवार का) निवासी रेडा, महेंद्र कुमार साहू निवासी रापागुला, संतोष जगत निवासी रेंजरपारा सारंगढ़, भवानी पटेल निवासी बिरकोल, ताराचंद साहू निवासी सालर, दिगम्बर श्रीवास निवासी घोराघाटी, अनूप भारद्वाज निवासी चंदाई व जीवन साहू निवासी भेड़वन के कब्जे से नगद रकम 51560 रुपए, दो कार, एक मोटर सायकल, 10 नग मोबाइल 52 पत्ती ताश जप्त व गिरफ्तार कर विधिवत कार्यवाही किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में स उ नि टीकाराम खटकर चौकी प्रभारी कनकवीरा, स उ नि रामकुमार मानिकपुरी साइबर सेल प्रभारी सारंगढ़, प्रआर भीम सिदार, मिरीराम आरक्षक जगजीवन खुटे,बिहारी लाल साहू वीरेंद्र महंत, कृष्ण महंत दीपक मैत्री, गौरी शंकर भारद्वाज का सराहनीय योगदान रहा।

### फर्जी सिम जारी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भेजा गया न्यायिक रिमांड पर**



जांजगीर, 04 जून (देशबन्धु)। साइबर अपराध पर नकेल कसते हुए जांजगीर-चांपा पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सिम कार्ड जारी कर बेचने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई साइबर सेल और थाना बलौदा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गई।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी रामकृष्ण यादव, निवासी ग्राम पनोरापारा बुडगहन, थाना बलौदा, द्वारा अपने व्यक्तिगत दस्तावेजों का उपयोग कर धोखाधड़ीपूर्वक अन्य व्यक्तियों के नाम पर कुल 18 मोबाइल सिम कार्ड सक्रिय किए गए थे। आरोपी के विरुद्ध धारा 420 भादवि एवं 66(सी) आईटी एक्ट के तहत थाना बलौदा में अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। जांच के दौरान आरोपी के कब्जे से फर्जी सिम एक्टिवेट करने में प्रयुक्त फिंगरप्रिंट मशीन एवं एक वीवो कंपनी का मोबाइल फोन बरामद किया गया है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। इस कार्यवाही में निरीक्षक सागर पाठक (प्रभारी, साइबर सेल), निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव (थाना प्रभारी बलौदा), सउनि विवेक सिंह, प्रधान आरक्षक मनोज तिग्गा, प्रधान आरक्षक विवेक सिंह, आरक्षक गिरीश कश्यप, प्रदीप दुबे, श्रीकांत सिंह, शाहबाज अहमद, हजारी लाल मेरसा, प्र.आर. गजाधर पाटनवार सहित बलौदा थाना स्टाफ का योगदान रहा।

### जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने की डीआरएम से भेंट



जांजगीर, 04 जून (देशबन्धु)। जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने नैला रेलवे स्टेशन के पास रेल ओवर ब्रिज निर्माण सहित अन्य मांगों को लेकर आज दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के डीआरएम से भेंट कर चर्चा की।

उन्होंने उक्त मांगो को लेकर मई माह में हुए धरना प्रदर्शन में शासन के प्रतिनिधि मंडलो के साथ हुई वार्ता एवं सहमति के संबंध में डीआरएम का ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने 7 मई को हुई सहमति पर शीघ्र अमल करने के लिए ज्ञापन सौंपा। अपने सौंपे गए ज्ञापन में उन्होंने उल्लेख किया है कि नैला रेलवे स्टेशन के पश्चिम केबिन के पास रेल ओवर ब्रिज निर्माण पर सहमति बनी है। गोंडवाना, दक्षिण बिहार और ज्ञानेश्वरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन के नैला रेलवे स्टेशन में ठहराव की मांग भी लंबे समय से की जा रही है। उक्त ट्रेनों के ठहराव के लिए यदि रेलवे जोन की ओर से कोई प्रस्ताव केंद्र सरकार को प्रेषित की गई हो तो उसकी प्रति उन्हें भी प्रदान की जाए ताकि उसके आधार पर स्वीकृति के लिए केंद्र से बात चित की जा सके। आगे उन्होंने लिखा है कि नहरिया बाबा मंदिर के पास जो फुट ओवर ब्रिज बनाने की बात हुई है वह केवल पैदल पथ बनकर न रह जाए, वरन उससे होकर दोपहिया, तीनपहिया या चारपहिया वाहन भी जा सके। उन्होंने नैला रेलवे स्टेशन के अपग्रेडेशन कार्य की ओर भी ध्यान आकृष्ट करते हुए लिखा है कि ठेकेदार के सुस्त और मनमानी पूर्ण रवैए के कारण कार्य धीमी गति से चल रही है। इससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। नैला रेलवे स्टेशन के पश्चिम दिशा के प्लेटफॉर्म में एक फुट ओवर ब्रिज निर्माण की मांग भी रखी है इसके साथ ही नैला रेलवे स्टेशन के पश्चिम केबिन को जोड़ने वाली दोनों ओर की अप्रोच रोड की मरम्मत की मांग भी की गई है। डीआरएम रेलवे के द्वारा उपरोक्त सभी मांगो को शीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया गया है।

# युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया दूसरे दिन भी विवादों में रही

### अतिशेष प्रधान पाठकों, शिक्षकों और सहायक शिक्षकों की काउंसलिंग प्रक्रिया हुई आयोजित



जांजगीर, 04 जून (देशबन्धु)। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के नाम पर चल रही युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया आज दूसरे दिन भी विवादों में रही। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला के कुल 18 अतिशेष प्रधान पाठकों, 196 शिक्षक और 436 सहायक शिक्षकों की काउंसलिंग की प्रक्रिया की गई। जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला के 13 अतिशेष प्रधान पाठकों और 436 सहायक शिक्षकों की काउंसलिंग की गई। इसी प्रकार पूर्व माध्यमिक शाला के 5 अतिशेष प्रधान पाठकों और 196 शिक्षकों की काउंसलिंग की गई। पदों को विलुप्त कर अन्य विद्यालयों में स्थानांतरित करने की कार्यवाही के दौरान जमकर हंगामा हुआ। सुबह 11 बजे जैसे ही काउंसलिंग शुरू होने वाली थी, उससे पहले ही वरीयता सूची को लेकर पहुंचे शिक्षकों ने आपत्ति जताते हुए प्रक्रिया पर सवाल उठाए। शिक्षकों का आरोप था कि वरीयता सूची में जानबूझकर छेड़छाड़ की गई है, जिससे कनिष्ठ शिक्षकों को प्राथमिकता दी जा रही है और वरिष्ठों को वंचित किया जा रहा है। स्थिति को संभालने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी अश्वनी भारद्वाज और राजस्व विभाग के अधिकारियों को हस्तक्षेप करना पड़ा। और दोपहर तीन बजे के बाद काउंसलिंग प्रक्रिया पुनः शुरू की जा सकी, जो समाचार लिखे जाने तक जारी थी।

#### अतिशेष के मुकाबले जिले में रिक्त पद आधे से भी कम

चिंता की बात यह भी है कि अतिशेष शिक्षकों की संख्या के मुकाबले जिले में रिक्त पद आधे से भी कम हैं, जिससे यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा कि बचे हुए शिक्षकों को कहां पदस्थ किया जाएगा।

सूत्रों के अनुसार, शेष बचे शिक्षकों को समीपवर्ती जिलों में भी भेजा जा सकता है, जिससे उनकी पारिवारिक और सामाजिक स्थितियां भी प्रभावित हो सकती हैं।

#### प्रशासन की अस्पष्ट नीति से विवाद

शिक्षकों की यह नाराजगी और प्रशासन की अस्पष्ट नीति इस पूरी प्रक्रिया को लगातार विवादों में बनाए हुए है। जब तक पारदर्शी और विधिसम्मत समाधान नहीं निकलता, तब तक यह युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया शिक्षा व्यवस्था के भीतर असंतोष और अव्यवस्था को जन्म देती रहेगी।

#### नारेबाजी कर विसंगति पूर्ण युक्तियुक्तकरण का विरोध

शिक्षक साझा मंच के पदाधिकारियों ने काउंसलिंग स्थल पर जाकर विसंगति पूर्ण युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में भाग नहीं लेने का अपील किया। शिक्षक साझा मंच के अपील पर काउंसलिंग में शामिल शिक्षकों ने काउंसलिंग का बहिष्कार करते हुए नारेबाजी करते हुए धरना दिया। शिक्षक साझा मंच के प्रदेश सह संयोजक बसंत चतुर्वेदी, जिला संयोजक संतोष शुक्ला, सत्येंद्र सिंह, विकास सिंह, रविन्द्र राठौर,जिला उप संयोजक डा. बोधीराम साहू,योगेन्द्र शुक्ला ने संबोधित करते हुए कहा कि युक्तियुक्तकरण सेटअप 2008 के विपरीत है, 2008 में वित्त विभाग द्वारा स्वीकृत पद के अनुरूप प्राथमिक विद्यालयों में 60 विद्यार्थियों पर एक प्रधान पाठक एवं दो सहायक शिक्षक तथा पूर्व माध्यमिक शाला में एक प्रधान पाठक व चार शिक्षक का पद यथावत रखा जावे। हाई व हायर सेकंडरी स्कूल में वाणिज्य संकाय व संस्कृत के पद को कम न किया जावे, विसंगतिपूर्ण, भेदभावपूर्ण, सेटअप 2008 के विपरीत युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही को तत्काल स्थगित करने की मांग की।

#### अतिशेष प्रधान पाठकों, शिक्षक और सहायक शिक्षकों की काउंसलिंग की गई-डीईओ

काउंसलिंग प्रक्रिया में सर्वप्रथम वरिष्ठता के आधार पर अतिशेष प्रधान पाठकों, शिक्षक और सहायक शिक्षकों की काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग प्रक्रिया में प्रधान पाठकों द्वारा रिक्त स्थानों में से अपने विद्यालयों का चयन किया। इसके साथ ही काउंसलिंग प्रक्रिया में सम्मिलित होकर अतिशेष शिक्षक व सहायक शिक्षकों ने भी निर्धारित सूची में से पसंद के विद्यालयों का चयन किया। चयन के पश्चात उन्हें उनके चयनित विद्यालय में पदस्थापना का आदेश पत्र प्रदान किया गया।

**अश्वनी भारद्वाज**
**जिला शिक्षा अधिकारी**

## 38 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

### चांपा पुलिस की कार्रवाई




जांजगीर, 04 जून (देशबन्धु)। जिले में अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने पुलिस अधीक्षक श्री विजय कुमार पाण्डेय के निर्देश पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में थाना चांपा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए 38 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना चांपा क्षेत्र अंतर्गत घोघरनाला तीसरा पारा निवासी संदीप केवट पिता श्याम कुमार केवट (उम्र 24 वर्ष) अपने घर के सामने हाथ भट्टी से बनी अवैध कच्ची महुआ शराब बेचने की तैयारी कर रहा था। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी और अलग-अलग जरीकेनों में रखे कुल 38 लीटर अवैध महुआ शराब, जिसकी कीमत लगभग 3800 रू आँकी गई है, को बरामद किया। पुलिस ने आरोपी संदीप केवट के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार किया और दिनांक 04 जून को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। उक्त कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप एवं एसडीओपी चांपा यदुमणि के मार्गदर्शन में की गई। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश गुप्ता, उनि. बी एस लकड़ा, प्रधान आरक्षक प्रकाश राठौर, मप्रआर. पुष्पलता साहू, आरक्षक डिकेश्वर साहू, सुमंत कंवर, माखन साहू, शंकर सिंह राजपूत सहित थाना स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

## कलेक्टर ने किया टसर केंद्र महुदा का निरीक्षण, समूह की महिलाओं के कार्यों की सराहना

### कोसा उत्पादन को बढ़ावा देने के संबंध में दिए आवश्यक दिशा निर्देश



जांजगीर, 04 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आज महुदा (च) स्थित टसर (कोसा) उत्पादन केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में संचालित गतिविधियों का गहन अवलोकन करते हुए कोसा उत्पादन की प्रक्रिया, तकनीकी उपकरणों की उपलब्धता तथा प्रशिक्षण व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने कोसा कृमि पालन के कार्यों से जुड़े स्वसहायता समूह के सदस्यों को प्रशिक्षण दिए जाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री महोबे ने उपस्थित अधिकारियों से केन्द्र में चल रहे टसर पालन, कोकून उत्पादन, प्रोसेसिंग एवं विपणन जैसे विभिन्न चरणों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पारंपरिक कौशल को आधुनिक तकनीकों के साथ जोड़कर कोसा उद्योग को और अधिक सशक्त बनाया जा सकता है। इस अवसर पर कलेक्टर ने स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं से संवाद भी किया। उन्होंने महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि कोसा उद्योग ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और स्थायी आजीविका का महत्वपूर्ण साधन बन सकता है। श्री महोबे ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्व-सहायता समूहों को निरंतर तकनीकी प्रशिक्षण, समुचित विपणन सहयोग और वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराए जाएं, ताकि वे अपने व्यवसाय को आत्मनिर्भरता और व्यावसायिक सफलता की दिशा में आगे बढ़ा सकें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उत्पाद गुणवत्ता और समूह की आमदनी संबंधी जानकारी भी ली। इस दौरान रेशम विभाग सहायक संचालक मधुप चंदन सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## खरसिया में सटोरिये नवयुवकों के दुःसाहस की पार हो रही पराकाष्ठा

### खरसिया पुलिस ने रोका तो अपने साथियों को बुलवाकर पुलिस से की अभद्रता, हाथापाई




खरसिया, 03 जून (देशबन्धु)। खरसिया नगर में इन दिनों अधिक धन कमाने की लालसा में सट्टा खिलाने वाले नवयुवकों की तादाद बढ़ती जा रही है सट्टा जहाँ एक ओर मोटी काली कमाई का जरिया बनता जा रहा है वहीं इससे प्राप्त तथा काली कमाई का धन इनके घमंड और इनके मंसूबों को सातवे आसमान पर पहुँचा रहा है, यही वह वजह है, कि 03 जून की देर रात राम जानकी मंदिर और गीता मंदिर के पास खरसिया पुलिस चौकी के पेट्रोलिंग में तैनात दो आरक्षकों के साथ इन युवकों ने खुलकर दु:साहस दिखाते हुए, अभद्र व्यवहार करते हुए हाथापाई तक कर दी, शायद यह इन सटोरिये युवकों की दु:साहस की पराकाष्ठा ही कही जाएगी।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के दिशा-निर्देशन में शांति व्यवस्था बनाए रखने असामाजिक तत्वों पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खरसिया चौकी के पुलिसकर्मियों से अभद्रता और धक्का-मुक्की कर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। घटना की जानकारी के अनुसार पुलिस पेट्रोलिंग के दौरान वाहन क्रमांक ष्ह्न 13 1111 को रोककर पुलिसकर्मियों ने पूछताछ की कार में सवार अमन नथानी आवेश में आकर पुलिस कर्मियों से विवाद करने लगा उसने गुस्से में कहा मेरी गाड़ी को कैसे रोक दिए और तत्काल फोन करके अपने तीन अन्य साथियों को मिथलेश नथानी, कुशल नथानी और मनोज नथानी को मौके पर बुला लिया सभी एक राय होकर पुलिस कर्मियों से अभद्र व्यवहार करते हुए धक्का मुक्ति करने लगे जिससे शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न हुई। घटना के संबंध में पेट्रोलिंग में तैनात आरक्षक ने पुलिस चौकी में आवेदन प्रस्तुत किया, जिसे गंभीरता से लेते हुए चौकी प्रभारी निरीक्षक अमित तिवारी ने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में तत्काल कानूनी कार्रवाई की।पुलिस ने आरोपियों अमन नथानी, मिथलेश नथानी, कुशल नथानी और मनोज नथानी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 303/2025 के तहत धारा 221, 121(1), 132, 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध किया और उन्हें गिरफ्तार कर रिमांड पर न्यायालय भेजा गया है।

## बबा दाई दिवस में छड़ी वितरण किया गया



जांजगीर, 04 जून (देशबन्धु)। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जांजगीर में बबा दाई दिवस मनाया गया जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ वार्ड 17 के पार्षद महोदया श्रीमती मनीषा गोपाल के द्वारा किया गया,इस कार्यक्रम में बुजुर्ग लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया जहां उनका वयवंदन कार्ड बनाया गया, नेत्र परीक्षण के तहत मोतियाबिंद जांच व चश्मा नंबर प्रदान किया गया,बी पी शुगर,टीबी जांच विशेष रूप से किया गया इसके अलावा आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से भी चिकित्सा हेतु डां समदर्शी उपस्थिति रहे जिसका लोगों ने लाभ उठाया

इस अवसर पर मुख्य अतिथि महोदया मनीषा गोपाल ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन सदैव होते रहना चाहिए जिससे एक ही छत के निचे एलोपैथिक और आयुर्वेदिक कि चिकित्सा लोगों को मिल सकें । आलोक दुबे नेत्र सहायक अधिकारी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जांजगीर ने जानकारी दिया कि जिला चिकित्सालय में मोतियाबिंद आपरेशन नियमित रूप से हो रहा है मोतियाबिंद हितग्राही ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं , इस अवसर पर लगभग 125 मरीजों का जांच व उपचार किया गया,कार्यक्रम के अंत में छड़ी वितरण किया गया तथा आभार प्रदर्शन डां राजेन्द्र साहू प्रभारी चिकित्सा अधिकारी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जांजगीर व श्रीमती सविता सोन आर एम ए ने किया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त कर्मचारियों मितानिनों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा

## बिलाईगढ़ के विभिन्न दफ्तरों का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

### एक पेड़ माँ के नाम कलेक्टर डॉ कन्नौजे एवं सीईओ बर्मन ने किया पौधारोपण



**सारंगढ़,** 03 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे और जिला पंचायत सीईओ इन्द्रजीत बर्मन ने बिलाईगढ़ नगर क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। दौरे का मुख्य आकर्षण पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति उनका समर्पण रहा। सर्वप्रथम, जिले के दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने जनपद पंचायत बिलाईगढ़ में विभिन्न स्व-सहायता समूहों की महत्वपूर्ण बैठक में भाग लिया। यहाँ उन्होंने समूहों की गतिविधियों, उनकी आवश्यकताओं और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा की, जिससे जमीनी स्तर पर महिला सशक्तिकरण और स्वरोजगार को बढ़ावा मिल सके। इसके पश्चात् कलेक्टर डॉ कन्नौजे और सीईओ बर्मन ने नगर के अटल परिसर में पर्यावरण संरक्षण का एक सशक्त संदेश देते हुए एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत एक पौधा रोपित किया। इस पहल के माध्यम से उन्होंने नगरवासियों को प्रकृति के संरक्षण और वृक्षारोपण के महत्व के प्रति जागरूक किया। इसके बाद कलेक्टर ने बिलाईगढ़ की स्वच्छता दीदियों से मुलाकात कर उनके अमूल्य योगदान की सराहना की। उन्होंने स्वच्छता कर्मियों को टोपी, मास्क तथा हैंड ग्लव्स वितरित कर उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाया और उनके कार्य को और भी बेहतर ढंग से करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके अलावा कलेक्टर एवं सीईओ ने तहसीलदार कार्यालय बिलाईगढ़ का भी निरीक्षण किया और वहाँ की कार्यप्रणाली एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे और सीईओ इन्द्रजीत बर्मन के द्वारा इस प्रकार औचक निरीक्षण कर प्रशासन की स्थिति, कार्यप्रणाली, सफाई, प्रशिक्षण आदि व्यवस्थाओं का स्वयं आंकलन करना था, वहीं विभिन्न गतिविधियों में जिला प्रशासन

## कलेक्टर ने महिला सशक्तिकरण के कार्यों का किया निरीक्षण



**सारंगढ़,** 03 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने बिलाईगढ़ नगर पंचायत का आकस्मिक निरीक्षण किया। नगर में अपने दौरे की शुरुआत भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करने के साथ की, जहांअटल परिसर में स्थित अटल जी की प्रतिमा पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने के उपरांत, कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में बिलाईगढ़ नगर पंचायत में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके उत्थान के लिए संचालित विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन लिया। उन्होंने नगर पंचायत बिलाईगढ़ द्वारा क्रियान्वित राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों और कौशल विकास केंद्र का विशेष रूप से निरीक्षण किया।

इस दौरान नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुशील कुमार चौधरी और नगर पंचायत उपाध्यक्ष अनूप टीकाराम जायसवाल भी मौजूद रहे। उन्होंने इन कार्यक्रमों की प्रगति से कलेक्टर को अवगत कराया। कलेक्टर ने कौशल विकास केंद्र में प्रशिक्षिका सावित्री देवांगन और वहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं महिलाओं से सीधे संवाद किया। उन्होंने महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों की गुणवत्ता और उनकी लगन की प्रशंसा करते हुए कहा कि नारी शक्ति आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही है। उन्होंने स्वच्छता दीदियों के कार्यों और स्वयं सहायता समूहों की गतिविधियों की भी जानकारी ली और उन्हें हर संभव प्रशासनिक सहयोग का आश्वासन दिया। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं से जुड़ी सभी योजनाओं का लाभ उन तक प्रभावी ढंग से पहुंचे और उनके द्वारा उत्पादित सामग्री को बाजार उपलब्ध कराने में भी मदद की जाए। उनके इस निरीक्षण से महिला सशक्तिकरण की दिशा में कार्यरत संस्थाओं और महिलाओं में नया उत्साह देखने को मिला।

